(हस्ताक्षर) (हस्ताक्षर)

दिन– रविवार दिनांक– 17 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने वोट चोरी के आरोपों को मिथ्यापूर्ण बताया। उन्होंने आरोप लगाने वालों को शपथ पत्र देने को कहा।

02. एसआईआर अभियान के मुद्दें पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सासाराम से वोटर अधिकार यात्रा की शुरूआत की। आरोप लगाया– कमजोर मतदाताओं को वोट से वंचित करने की चल रही है साजिश।

03. एनडीए घटक दल राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों में संयुक्त रूप से कार्यकर्ता सम्मेलन करेंगे। तेईस अगस्त से शुरू होगा अभियान।

04. और, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बारहवें एशिया कप पुरूष हॉकी चैंपियनशिप के शुभंकर और ट्रॉफी का अनावरण किया।

---

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि वोट चोरी का आरोप लगाकर कुछ लोग भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे है। नई दिल्ली में आज एक विशेष संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि आयोग इन झूठे आरोपों से डरने वाला नहीं है।

–––बाइट–––

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि वोट चोरी का आरोप संविधान और मतदाताओं का अपमान है।

–––बाइट–––

श्री कुमार ने कहा कि मतदाता सूची में गलतियों के सुधार के लिए ही बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर की शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि एसआईआर का उद्देश्य शुद्ध मतदाता सूची तैयार करना है।

–––बाइट–––

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा बिहार में प्रारूप सूची के प्रकाशन के बाद दावा आपत्तियों का निपटारा किया जा रहा है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने स्पष्ट किया कि राज्य

में एसआईआर के अंतर्गत दावा आपत्ति के लिए अभी पन्द्रह दिन का समय और बचा है। इसलिए सभी दलों को पूर्वाग्रह छोड़कर योग्य मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए आगे आना चाहिए।

———बाइट———

विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान पर उत्पन्न विवाद को लेकर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने पहली बार संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। लगभग डेढ़ घंटे तक चले संवाददाता सम्मेलन में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने विभिन्न मुद्दों पर उठाए गए सवालों के उत्तर दिए।

———————————————————————————————

इधर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आज सासाराम से मतदाता अधिकार यात्रा की शुरुआत की। यात्रा में राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव सहित महागठबंधन के कई वरिष्ठ नेता भाग ले रहे हैं। बाईस जिलों से होते हुए एक सितंबर को पटना में यात्रा का समापन होगा। इससे पहले सासाराम के सुअरा हवाई अड्डा मैदान में महागठबंधन की जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि विशेष गहन पुनरीक्षण की आड़ में बिहार विधानसभा चुनाव में वर्तमान मतदाताओं के नाम हटाकर और नए नाम जोड़कर वोट चुराने की कोशिश की जा रही है।

———बाइट———

वहीं, राजद के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने चुनाव आयोग पर विशेष दल के निर्देशानुसार कार्य करने का आरोप लगाया।

———बाइट———

सभा के दौरान  राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित गठबंधन दलों के कई बड़े नेता इस दौरान मंच पर मौजूद थे।

———————————————————————————————

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि वोट चोरी करने का आरोप निराधार है। श्री चौधरी ने राहुल गांधी की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि वे संवैधानिक संस्थाओं पर हमला कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने भी राहुल गांधी की कड़ी आलोचना की।

---

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि राहुल गांधी की वोट बचाओ यात्रा से आम मतदाताओं का कोई सरोकार नहीं है।

–––बाइट–––

वहीं, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने विपक्ष के मतदाता अधिकार यात्रा पर कहा कि विपक्ष तुष्टीकरण की राजनीति कर रहा है। श्री मांझी ने कहा कि क्या यात्रा के दौरान महागठबंधन के नेता घुसपैठियों को मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए प्रचार–प्रसार करेंगें।

–––बाइट–––

---

एनडीए राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों में आगामी तेईस अगस्त से कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन करेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने पटना के जदयू कार्यालय में आयोजित एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी। श्री जायसवाल ने कहा कि सम्मेलन का आयोजन सात अलग–अलग चरणों में होगा, जिसमें एनडीए गठबंधन के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

–––बाइट–––

इस अवसर पर एनडीए गठबंधन दलों के प्रदेश अध्यक्षों ने सुशासन का सार आपके द्वार और घर–घर महिला संवाद कार्यक्रम के प्रचार वाहनों को हरी झंडी देखाकर रवाना की।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उनतीस अगस्त से राजगीर में खेली जाने वाली बारहवीं एशिया कप पुरूष हॉकी चैंपियनशिप का शुभंकर चांद और ट्रॉफी का आज अनावरण किया। श्री कुमार ने पटना में एक अणे मार्ग स्थित संकल्प में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ट्रॉफी गौरव यात्रा का भी हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। राज्य में पहली बार आयोजित हो रहे एशिया कप में भारत, चीन, जापान, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, ओमार, बांग्लादेश और चीनी ताइपे की टीमे भाग लेंगी। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रतिष्ठित आयोजन से बिहार का गौरव बढ़ा है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इससे राज्य के खेल आयोजन की क्षमता को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही पर्यटन, कला और संस्कृति के क्षेत्र में भी बिहार की वैश्विक छवि और बेहतर होगी।

---

केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार को बाईस अगस्त को गंगा नदी पर नवनिर्मित बेगूसराय सिक्स लेन पुल की सौगात देंगे। उन्होंने कहा कि यह पुल राज्य के विकास को गति प्रदान करेगा।

---

राज्य के विभिन्न भागों में बारिश में कमी के कारण गंगा, गंडक, बूढ़ी गंडक समेत अधिकांश नदियों के जलस्तर में कमी दर्ज की गई है।

---

मुंगेर जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अब पानी निकलने के बाद महामारी का खतरा बढ़ गया है। इसे देखते हुए प्रशासन राहत कार्यों में जुट गया है। एक रिपोर्ट–

———बाइट———

गंगा नदी का जलस्तर घटने के बाद जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों से पानी तेजी से निकल रहा है। इन इलाकों में अब महामारी के खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन ने बचाव कार्य शुरू कर दिया है। जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पीकार के निर्देश पर प्रभावित इलाकों में ब्लीचिंग पाउडर और चुना का छिड़काव किया जा रहा है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम शिविर लगाकर लोगों की स्वास्थ्य जांच में जुड़ गई है। इधर, जिन प्रखंडों में बाढ़ का पानी अभी भी फैला हुआ है वहां नाव की मदद से राहत समाग्री प्रभावितों तक पहुंचाई जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए मुंगेर से प्रशांत कुमार सिंह।

---

शेखपुरा जिले में स्थानीय हरोहर नदी का जलस्तर स्थिर बने रहने के बावजूद बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में हालात बद्तर हैं। प्रशासन पीड़ितों तक राहत पहुंचाने के मुहिम में जुटा है। एक रिपोर्ट–

–––बाइट–––

जिले के घाटकुसुम्भा प्रखंड में गंगा की सहायक नदी हरोहर में बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में अभी भी स्थिति गंभीर बनी हुई है। जिला प्रशासन पानी से घिरे गावों माफो, बेलॉनी, सहरा, गुरेरा, गदबदिया और सुजावलपुर में लोगों के आवागमन के लिए 17 नावों का संचालन कर रहा है। भारी संख्या में पॉलीथीन शीट उपलब्ध कराया गया है। इसके साथ ही टैंकरों की मदद से पीने का पानी मुहैया कराया जा रहा। वहीं, पशुओं के लिए हरा चारा और पशु चिकित्सकों की भी सेवा दी जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए शेखपुरा से निरंजन कुमार।

---

केन्द्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने आज गयाजी के मानपुर में सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगामी बिहार दौरे को लेकर जानकारी दी।

---

जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने आज समस्तीपुर जिले के बिथान स्थित गांधी मैदान में एक जनसभा को संबोधित किया। श्री किशोर बिहार बदलाव यात्रा के तहत समस्तीपुर पहुंचे।

---

कैमूर जिले के सभी एक हजार चार सौ चौरासी मतदान केन्द्रों पर ईवीएम के माध्यम से मॉक पोल का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए आज समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित हुई।

---

दरभंगा जिले में कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर पूजा पंडालों और मंदिरों में दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी हुई है। कई स्थानों पर मेले को आयोजन किया गया है। इधर, समस्तीपुर में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी इश्वरीय विश्वविद्यालय में कृष्ण लीला पर झांकी का आयोजन किया गया।

---

01. मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने वोट चोरी के आरोपों को मिथ्यापूर्ण बताया। उन्होंने आरोप लगाने वालों को शपथ पत्र देने को कहा।

02. एसआईआर अभियान के मुद्दें पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सासाराम से वोटर अधिकार यात्रा की शुरूआत की। आरोप लगाया– कमजोर मतदाताओं को वोट से वंचित करने की चल रही है साजिश।

03. एनडीए घटक दल राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों में संयुक्त रूप से कार्यकर्ता सम्मेलन करेंगे। तेईस अगस्त से शुरू होगा अभियान।

04. और, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बारहवें एशिया कप पुरूष हॉकी चैंपियनशिप के शुभंकर और ट्रॉफी का अनावरण किया।

---

समाप्त